

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–239/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

पटना, 06 नवम्बर, 2026 :– बिहार के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के ज्ञान, शिक्षण कौशल और व्यावसायिक दक्षता को विकसित करने के उद्देश्य से माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) की पहल पर संकाय विकास कार्यक्रम (Faculty Development Programme-FDP) शुरू किया गया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन बिहार के यूजीसी–मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों (MMTTCs) द्वारा किया जा रहा है। यह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप है।

कार्यक्रम का पहला चरण 27 सितंबर से 14 अक्टूबर, 2026 तक राज्य के दस महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय विभागों में संपन्न हुआ। माननीय राज्यपाल ने 13 अक्टूबर को एमएमटीटीसी के निदेशकों एवं अन्य लोगों के साथ कार्यक्रम की समीक्षा की तथा इसकी प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में 2 नवंबर से 12 दिसंबर, 2026 तक राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय विभागों में कुल 30 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इनकी तारीखें तय करते समय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में होनेवाली परीक्षाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि शिक्षकों की पढ़ाई और परीक्षा संबंधी जिम्मेदारियों पर असर न पड़े।

कार्यक्रम का तीसरा चरण 15 जनवरी से 15 मार्च, 2027 तक प्रस्तावित है।

राज्यपाल की इस पहल का उद्देश्य बिहार में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना तथा शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, शोध और नए शैक्षणिक तरीकों से परिचित कराना है। इस कार्यक्रम से महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का स्तर बेहतर होने के साथ–साथ शिक्षकों की क्षमता और कार्यकुशलता भी बढ़ेगी।

.....